भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
03.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 474 का उत्तर

रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस का गोमो जंक्शन पर ठहराव

474. श्री दुलू महतो:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या धनबाद जिले के प्रमुख स्टेशन गोमो जंक्शन पर रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस (20887/20888) का ठहराव सुनिश्चित करने के लिए सरकार से कोई औपचारिक अनुरोध किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि वंदे भारत एक्सप्रेस (20887/20888) में अनेक सीटें खाली हैं और हजारों यात्री, छात्र, श्रमिक और तीर्थयात्री प्रतिदिन गोमो जंक्शन से यात्रा करते हैं और वहां ठहराव यात्रियों के लिए बहुत उपयोगी होगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार का गोमो जंक्शन पर ठहराव प्रदान करके क्षेत्रीय संपर्क और यात्री सुविधा को बढ़ाने का विचार है; और
(घ) यदि हाँ, तो भविष्य में उठाए गए या उठाए जाने वाले कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): वर्तमान में, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गोमो जंक्शन स्टेशन पर 04 वंदे भारत और 06 राजधानी एक्सप्रेस सेवाओं सहित 90 रेलगाड़ी सेवाएँ उपलब्ध हैं, जिनमें नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गोमो जंक्शन को रांची से जोड़ने वाली 09 जोड़ी रेलगाड़ी और वाराणसी से जोड़ने वाली 08 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाएँ शामिल हैं।

इसके अलावा, भारतीय रेल पर रेलगाड़ियों के ठहराव का प्रावधान करना एक सतत् प्रक्रिया है, जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता आदि पर निर्भर करता है।

वर्ष 2024-25 और 2025-26 (अक्टूबर, 25 तक) के दौरान 20887/20888 रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस की कुल अधिभोगिता 100 प्रतिशत से अधिक रही है।

माननीय संसद सदस्य श्री दुलू महतो सहित कई प्रतिनिधियों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 20887/20888 रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गोमो जंक्शन स्टेशन पर ठहराव की सुविधा प्रदान करने के लिए मांग की गई है।

******